# इंदिरा गाँधी राजकीय महिला महाविद्यालय


रायबरेली - 229316 (उ०प्र०)

(लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ से सम्बद्ध)

Phone / Fax : 0535-2217096

Website : igggdcraebareli.ac.in

E-mail : igrmmraibareli@yahoo.com





# विवरणिका एवं प्रवेश आवेदन-पत्र

## (बी.ए., बी.कॉम. एवं एम.ए. समाजशास्त्र)

**2026-27**

**मूल्य : रु. 120/-**


RUSA
RUSA





# इंदिरा गाँधी राजकीय महिला महाविद्यालय

## रायबरेली, उ०प्र०

**परिचय :**

बालिकाओं/महिलाओं में उच्च शिक्षा के प्रचार-प्रसार के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा राजकीय महिला महाविद्यालयों की स्थापना की जा रही है। इसी क्रम में क्षेत्रीय शैक्षिक आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए दिनांक 12 सितम्बर, 1993 को तत्कालीन राज्यपाल महामहिम श्री मोतीलाल वोरा जी के कर-कमलों द्वारा इस महाविद्यालय का शुभारम्भ किया गया।

**नया परिसर :**

महाविद्यालय अपने नये परिसर लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग पर रायबरेली विकास प्राधिकरण की 'प्रगतिपुरम् आवासीय योजना' में सत्र 2003–04 से संचालित है।

**शिक्षा व्यवस्था :**

लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ से सम्बद्ध इस महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर कला एवं वाणिज्य संकाय में शिक्षण की व्यवस्था है। कला संकाय के अन्तर्गत उपलब्ध विषय : **(1) हिन्दी साहित्य, (2) अंग्रेजी साहित्य, (3) राजनीति शास्त्र, (4) समाज शास्त्र,** प्रायोगिक विषय : **(5) मनोविज्ञान, (6) गृहविज्ञान एवं (7) शारीरिक शिक्षा** विषयों तथा वाणिज्य संकाय के अन्तर्गत **बी.काम.** तथा **एम.ए. समाजशास्त्र** में अध्ययन की व्यवस्था है। **N.E.P. 2020** के अनुसार निर्धारित विषय सभी विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य हैं।

**प्रवेश प्रक्रिया :**

महाविद्यालय का शैक्षिक सत्र शासन के आदेशानुसार प्रारम्भ होगा। प्रवेश की इच्छुक छात्राएँ आवेदन-पत्र भरने से पूर्व विवरणिका का भली-भाँति अध्ययन कर लें। महाविद्यालय में प्रवेश पूर्णतः छात्राओं की अर्जित योग्यता एवं उ०प्र० शासन तथा विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश हेतु निर्धारित नियमों के अनुरूप दिया जायेगा। प्रवेश में प्राचार्य एवं उनके द्वारा गठित प्रवेश समिति का निर्णय अन्तिम रूप से मान्य होगा। छात्राओं से यह अपेक्षा की जाती है कि प्रवेश हेतु विषयों का चयन स्वयं की क्षमता तथा विषय में उपलब्ध सीट संख्या के अनुरूप करें।

पूर्ण रूप से पूरित तथा समस्त वांछित प्रमाण-पत्र संलग्न किये हुए आवेदन-पत्र ही महाविद्यालय कार्यालय में स्वीकार किए जाएँगे। अपूर्ण आवेदन-पत्र न तो स्वीकार किए जाएँगे और न ही उन पर प्रवेश दिया जाएगा।

**प्रवेश हेतु आवेदन-पत्र के साथ वांछित प्रमाण-पत्र एवं सामग्री :**

1. हाईस्कूल/समकक्ष परीक्षा की अंकतालिका एवं प्रमाण-पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
2. 10+2/इण्टरमीडिएट/समकक्ष परीक्षा की अंकतालिका एवं प्रमाण-पत्र की सत्यापित छायाप्रति।
3. अंतिम शिक्षण संस्था के प्राचार्य द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण-पत्र, टी.सी./प्रवजन प्रमाण-पत्र की छायाप्रति। (मूल प्रति प्रवेश संस्तुत होने के समय जमा किया जाएगा)
4. पूर्व शिक्षा में व्यक्तिगत (प्राइवेट) रूप से उत्तीर्ण प्रवेशार्थी को किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण-पत्र तथा संस्थागत छात्रा के रूप में जिस कक्षा तक अध्ययन किया गया है, की मूल टी.सी. एवं चरित्र प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।
5. ऐसे अभ्यर्थी जिनका पूर्व वर्ष के अध्ययन में व्यवधान रहा हो, को किसी राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रदत्त चरित्र प्रमाण-पत्र तथा नोटरी के माध्यम से इस आशय का शपथ-पत्र (हलफनामा) भी प्रस्तुत करना होगा कि उसने गत वर्ष कहीं भी संस्थागत छात्रा के रूप में अध्ययन नहीं किया है।
6. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ी जाति/स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित/भू०पू० सुरक्षाकर्मी/रेंजर्स/विकलांग छात्रा/एन.सी.सी./प्रदेश या राष्ट्रीय स्तर के खेलकूद में भाग लेने से संबंधित प्रवेशार्थी को सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण-पत्र संलग्न करना होगा।
7. पासपोर्ट आकार का स्वहस्ताक्षरित फोटो प्रवेश आवेदन-पत्र पर चिपकाएँ।
8. प्रवेश आवेदन-पत्र अभिभावक/संरक्षक द्वारा हस्ताक्षरित होना चाहिए अन्यथा अभ्यर्थी के प्रवेश पर विचार नहीं किया जाएगा।

9. प्रवेश फार्म के साथ चीफ प्राक्टर/पुस्तकालय प्रपत्र संलग्न करें।
10. छात्रवृत्ति फार्म प्रवेश प्राप्त होने के बाद ही जमा करें।

**प्रवेश संबंधी नियम :**

किसी भी प्रवेशार्थी (जो प्रवेश संबंधी न्यूनतम अर्हता रखता है) को निम्नलिखित प्रावधानों के अन्तर्गत प्रवेश अनुमन्य होगा। प्रवेश हेतु सर्वप्रथम लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर रु. 100 के पंजीकरण शुल्क के साथ पंजीकरण के उपरान्त प्रवेश दिया जायेगा।

1. प्रवेशार्थी को प्राचार्य द्वारा गठित प्रवेश समिति की संस्तुति पर ही प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश पूर्णतः मेरिट के आधार पर संस्तुत किया जाएगा।
2. स्नातक प्रथम वर्ष कला संकाय में प्रवेश हेतु न्यूनतम (10+2/इण्टरमीडिएट परीक्षा में) 40 प्रतिशत तथा वाणिज्य संकाय में 45 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है।
3. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की छात्राओं के प्रवेश के लिए समकक्ष परीक्षा में न्यूनतम उत्तीर्णांक (33 प्रतिशत) अनिवार्य है।
4. उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग की छात्राओं को प्रदत्त जाति प्रमाण-पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करनी होगी। समस्त छात्राओं को प्रवेश हेतु साक्षात्कार समिति के समक्ष उपस्थित होना अनिवार्य है।
5. साक्षात्कार के समय अभ्यर्थी को स्वयं एवं अपने साथ प्रमाण-पत्रों/अंकपत्रों एवं अन्य प्रलेखों को मूल रूप से लेकर उपस्थित होना अनिवार्य है। इसके अभाव में प्रवेश संस्तुत नहीं किया जाएगा।
6. शासन द्वारा प्रवेश में सीट निश्चित किए जाने के फलस्वरूप किसी भी एकल विषय में प्रवेश संस्तुत नहीं किया जाएगा।
7. यदि कोई छात्रा प्रवेश हेतु साक्षात्कार के दिन अनुपस्थित रहती है, अथवा प्रवेश हेतु वांछित औपचारिकता निर्धारित तिथि तक पूर्ण नहीं कर पाती है, तो उस दशा में उसके स्थान पर योग्यता क्रम में आने वाली अगली छात्रा को प्रवेश दिया जायेगा।
8. प्रवेश संस्तुत हो जाने पर निर्धारित तिथि तक शुल्क, मूल अंकतालिका की छायाप्रति, टी.सी. एवं सी.सी. (मूल प्रति) जमा करना अनिवार्य है अन्यथा प्रवेश स्वतः निरस्त माना जाएगा।
9. ऐसे प्रवेशार्थी को प्रवेश देना संभव नहीं होगा –
   (i) जो गत वर्ष किसी विश्वविद्यालय की परीक्षा में अनुत्तीर्ण हों,
   (ii) जो अनुचित साधन के प्रयोग की दोषी पाई गई हों,
   (iii) जो गत वर्ष परीक्षा में सम्मिलित होने से रोक दी गई हों,
   (iv) जो किसी आपराधिक मामले में सजा पा चुकी हों अथवा जिस पर कोई अभियोग चल रहा हो या जिसका आचरण संदिग्ध हो,
   (v) जिसने इण्टरमीडिएट की परीक्षा दो से अधिक प्रयासों में उत्तीर्ण किया हो।
10. ऐसे प्रवेशार्थी, जिनका इण्टरमीडिएट या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद एक वर्ष का अन्तराल (गैप) है, उन्हें प्रवेश के समय अन्य शर्तें सामान्य होने की दशा में उनके कुल प्राप्तांक में से 5 प्रतिशत अंक कम करते हुए प्रवेश योग्यता सूची बनाई जाएगी।
11. प्रवेश प्रक्रिया के लिए यू.जी.सी./उ.प्र. शासन/लखनऊ विश्वविद्यालय के सुसंगत नियम (समय-समय पर संशोधित) बाध्यकारी होंगे।
12. LURN अनिवार्य है।
13. प्रवेश संबंधी कोई भी सूचना असत्य पाए जाने पर प्रवेश निरस्त कर दिया जाएगा।
14. प्रवेश, परीक्षा एवं महाविद्यालय की गतिविधियों से संबंधित समस्त सूचनाएँ महाविद्यालय नोटिस बोर्ड एवं महाविद्यालय Whatsapp Group पर प्रदर्शित होंगी, तत्संबंधी सूचना प्राप्त करना एवं उनसे अवगत होना छात्रा का स्वयं का उत्तरदायित्व होगा।

15. रैगिंग गतिविधियों से पूर्णतया विरति, विश्वविद्यालय/महाविद्यालय द्वारा निर्धारित गतिविधियों के अनुपालन, कक्षाओं में न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति आदि के संबंध में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रारूप पर छात्रा एवं उसके अभिभावक के संयुक्त हस्ताक्षर से प्रवेश के पूर्व शपथ-पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
16. किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश देने, न देने का अधिकार प्राचार्य के पास सुरक्षित होगा।
17. प्रवेश के संबंध में प्रवेश समिति का निर्णय अन्तिम रूप से मान्य होगा।
18. चयनित विषयों में प्रवेश होने के बाद विषय में परिवर्तन नहीं किया जा सकेगा।
19. इण्टरमीडिएट बायो (Bio) ग्रुप की छात्राएँ वाणिज्य संकाय में ल.वि.वि. के नियमानुसार प्रवेश हेतु अर्ह नहीं हैं।
20. बी.ए. प्रथम/बी.कॉम. प्रथम एवं एम.ए. प्रथम में प्रवेश इण्टरमीडिएट/बी.ए. एवं समकक्ष परीक्षा के प्राप्तांक पर आधारित मेरिट पर किया जाएगा।
21. मेरिट सूची महाविद्यालय के सूचना पटल पर चस्पा की जाएगी जिसमें साक्षात्कार की तिथि/तिथियाँ निर्धारित रहेंगी। साक्षात्कार में प्रत्येक प्रवेशार्थी के लिए समस्त मूल प्रमाण-पत्रों एवं टी.सी., सी.सी. के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है। प्रवेश संबंधी सूचनाओं हेतु सूचना पटल सतत् रूप से सावधानी पूर्वक अवश्य देखें।
22. साक्षात्कार हेतु निर्धारित तिथि को उपस्थित न होने अथवा निर्धारित तिथि को शुल्क जमा न करने की दशा में संबंधित छात्रा का प्रवेश अभ्यर्थन रद्द कर दिया जाएगा एवं उसके स्थान पर मेरिट सूची के अगले क्रमांक के अभ्यर्थी को अवसर प्रदान किया जाएगा।
23. बी.ए./बी.कॉम./एम.ए. प्रथम काउन्सिलिंग/प्रवेश संस्तुति के समय प्रवेशार्थी अपने अभिभावक के साथ उपस्थित हों ताकि प्रवेश संबंधी नियम संख्या 10 में वर्णित शपथ-पत्र प्रस्तुत कर सकें।
24. प्रवेशार्थी को कम से कम एक शिक्षणेत्तर गतिविधि (रेंजर्स या राष्ट्रीय सेवा योजना) में प्रतिभाग करना अनिवार्य है। सम्बन्धित गतिविधि में सीटों के सापेक्ष अधिक छात्रा संख्या होने पर साक्षात्कार के आधार पर चयन किया जायेगा।

**आरक्षण :**

1. प्रवेश हेतु उपलब्ध कुल सीटों पर अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों को 21 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति को 2 प्रतिशत तथा अन्य पिछड़े वर्गों (ओ.बी.सी.) के अभ्यर्थियों को 27 प्रतिशत एवं आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को शासनादेश के अनुसार 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया जाएगा।
2. प्रवेश की कुल सीटों पर शारीरिक रूप से विकलांगों को (3 प्रतिशत), स्व. संग्राम सेनानियों के आश्रितों को (2 प्रतिशत), युद्ध में शहीद हुए या अपंग हुए सेनानियों की पुत्रियों को (2 प्रतिशत) क्षैतिज आरक्षण प्रदान किया जाएगा।
3. राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त गाइड (रेंजर्स) तथा 'बी' प्रमाण-पत्र धारक एन.सी.सी. कैडेट्स को प्रवेश में वरीयता दी जाएगी।

**विषय चयन प्रतिबंध : (केवल दो प्रयोगात्मक विषय ही छात्रा चुन सकती है एवं शारीरिक शिक्षा व गृहविज्ञान में से केवल एक विषय का चयन कर सकती हैं)**

**नोटः** विषयों का चयन प्रत्येक विषय में उपलब्ध सीटों की संख्या पर आधारित होगा। किसी भी विषय में सीटें भर जाने पर उस विषय में प्रवेश नहीं दिया जा सकेगा।

**वाणिज्य संकाय :**

बी.कॉम. प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु इण्टरमीडिएट/समकक्ष परीक्षा में न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक अनिवार्य हैं। इण्टरमीडिएट (वाणिज्य वर्ग) के अतिरिक्त इण्टरमीडिएट (गणित वर्ग व अर्थशास्त्र) एवं इण्टरमीडिएट (कला) उत्तीर्ण छात्राओं को वाणिज्य संकाय में स्थान रिक्त होने पर प्रवेश दिया जाएगा।

**शुल्क :**

महाविद्यालय का सम्पूर्ण शुल्क एक बार में ही जमा करना होगा। शुल्क के संबंध में समस्त सूचनाएँ सूचना पटल पर प्रदर्शित की जाएँगी। एक बार शुल्क जमा हो जाने के बाद न तो वापस किया जाएगा और न ही अन्यत्र स्थानान्तरित किया जाएगा। विस्तृत जानकारी के लिए नोटिस बोर्ड अवश्य देखें।

# शुल्क विवरण

## बी.ए. (Bachelor of Arts)

| क्र.सं. | कक्षा वर्ष | फीस बिना प्रयोगात्मक | फीस एक प्रयोगात्मक | फीस दो प्रयोगात्मक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रथम वर्ष (प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर) | 5276.00 | 5636.00 | 5876.00 |
| 2. | द्वितीय वर्ष (तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर) | 4753.00 | 5093.00 | 5333.00 |
| 3. | तृतीय वर्ष (पंचम एवं षष्ठ सेमेस्टर) | 4753.00 | 5093.00 | 5333.00 |

## बी.काम. (Bachelor of Commerce)

| क्र.सं. | कक्षा वर्ष | शुल्क |
|---|---|---|
| 1. | प्रथम वर्ष (प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर) | 6276.00 |
| 2. | द्वितीय वर्ष (तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर) | 5753.00 |
| 3. | तृतीय वर्ष (पंचम एवं षष्ठ सेमेस्टर) | 5753.00 |

## एम.ए. (Master of Arts)

| क्र.सं. | कक्षा वर्ष | शुल्क |
|---|---|---|
| 1. | प्रथम वर्ष (प्रथम एवं द्वितीय सेमेस्टर) | 7776.00 |
| 2. | द्वितीय वर्ष (तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर) | 6753.00 |

## कोषागार धनराशि

| क्र.सं. | विवरण | शुल्क |
|---|---|---|
| 1. | प्रवेश शुल्क | 3.00 |
| 2. | महंगाई शुल्क | 42.00 |
| 3. | विकास शुल्क | 20.00 |
| 4. | पुस्तकालय शुल्क | 3.00 |
| 5. | पंखा शुल्क | 5.00 |
| 6. | प्रयोगशाला शुल्क (प्रति विषय) | 240.00 |
| 7. | टी.सी. शुल्क | 3.00 |

## छात्रानिधि शुल्क

| क्र.सं. | विवरण | शुल्क |
|---|---|---|
| 1. | परिषदीय शुल्क | 90.00 |
| 2. | वाचनालय शुल्क | 160.00 |
| 3. | वि.वि. नामांकन शुल्क | 500.00 |
| 4. | वि.वि. परीक्षा शुल्क | 3000.00 |
| 5. | (क्रीड़ा+रेंजर्स+प्रोसेसिंग) शुल्क | 10.00 |
| 6. | परिचय पत्र शुल्क | 55.00 |
| 7. | पुस्तकालय काशनमनी शुल्क | 20.00 |
| 8. | प्रयोगशाला काशनमनी शुल्क | 20.00 |
| 9. | क्रीड़ा शुल्क | 150.00 |
| 10. | छात्रा कल्याण शुल्क | 15.00 |
| 11. | वार्षिक दिवस शुल्क | 100.00 |
| 12. | विद्युत शुल्क | 400.00 |
| 13. | साइकिल स्टैण्ड शुल्क | 100.00 |
| 14. | पत्रिका शुल्क | 100.00 |
| 15. | गृहपरीक्षा/नेटवर्किंग शुल्क | 300.00 |
| 16. | प्रयोगात्मक शुल्क | 100.00 |
| 17. | रेंजर्स शुल्क | 100.00 |
| 18. | पर्यावरण शुल्क | 100.00 |

**नोटः शासन एवं विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार शुल्क में परिवर्तन किया जा सकता है।**

प्रवेश शुल्क जमा करने के तुरन्त बाद चालान की छायाप्रति प्रवेश समिति को दिखाकर आवश्यक प्रविष्टि कराना अनिवार्य है। चालान की इसी प्रति के आधार पर शिक्षण कार्य प्रारम्भ होने पर छात्रा अपना नाम संबंधित प्राध्यापक की उपस्थिति पंजिका में अंकित कराएगी। अतः चालान की इस प्रति को सुरक्षित रखना आवश्यक है।

### उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद :

इस महाविद्यालय में उक्त विश्वविद्यालय के विभिन्न नियमित पाठ्यक्रमों के कतिपय व्यावसायिक पाठ्यक्रम संचालित किए जाने के प्रति गंभीरता से प्रयास चल रहे हैं। सत्र 2001–2002 से मुक्त विश्वविद्यालय के एक अध्ययन केन्द्र के रूप में इस महाविद्यालय को अवसर प्राप्त हो चुका है। स्नातक स्तर पर बी.ए. एवं परास्नातक स्तर पर हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, राजनीति शास्त्र एवं वित्तीय प्रबंधन, पत्रकारिता एवं जनसंचार में परास्नातक डिप्लोमा, पुस्तकालय विज्ञान में स्नातक एवं अन्य इसके डिप्लोमा प्रमाण-पत्र कार्यक्रम संचालित हैं। छात्राओं से अपेक्षा है कि वे इस संबंध में समय-समय पर सूचना पटल का अवलोकन करती रहें। कोई भी संस्थागत छात्रा अपनी रुचि के अनुसार इस विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्राप्त कर सकती है अर्थात् एक ही समय में दो पाठ्यक्रम पूर्ण कर सकती है। सत्र 2005–2006 से इस केन्द्र पर एम.बी.ए. पाठ्यक्रम प्रारम्भ हो गया है।

### शिक्षणेत्तर गतिविधियाँ एवं सुविधाएँ :

महाविद्यालय में छात्राओं के व्यक्तित्व के बहुमुखी विकास हेतु निम्नलिखित गतिविधियाँ एवं सुविधाएँ उपलब्ध हैं :-

### राष्ट्रीय सेवा योजना :

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत 100 स्वयंसेवी संस्थाओं की एक इकाई गठित है। इस योजना में नियत दैनिक कार्य दिवसों के अतिरिक्त एक सात दिवसीय विशेष शिविर भी आयोजित किया जाता है। एन.एस.एस. के प्रमाण-पत्रों से बी.एड. एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के प्रवेश में प्रतिभार (वेटेज) प्राप्त होता है। इच्छुक छात्राओं को इस संबंध में कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना से सम्पर्क किया जाना अपेक्षित है।

### क्रीड़ा :

महाविद्यालय में क्रीड़ा की उत्तम व्यवस्था है। उपलब्ध साधनों के अन्तर्गत क्रिकेट, वॉलीबाल, बैडमिन्टन, टेबल टेनिस, बास्केट बाल आदि की व्यवस्था है। महाविद्यालय में प्रत्येक शैक्षणिक सत्र में वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाती हैं, जिसमें छात्राएँ अपनी अभिरुचि एवं प्रतिभा के अनुसार प्रतिभाग करती हैं।

### रेंजर्स :

महाविद्यालय में सत्र 2000–2001 से छात्राओं की रेंजर्स इकाई संचालित है। इसमें राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त छात्राओं को कतिपय पाठ्यक्रमों के प्रवेश में वेटेज अंक प्रदान किया जाता है।

### पुस्तकालय एवं वाचनालय :

महाविद्यालय में पूर्णतः आटोमेटेड पुस्तकालय, वाचनालय एवं ई-पुस्तकालय की व्यवस्था है। महाविद्यालय के वाचनालय में समाचार पत्र एवं पत्रिकाएँ आती हैं, जिनका छात्राएँ अपने रिक्त वादनों में अध्ययन कर सकती हैं।

### स्मार्ट क्लास :

महाविद्यालय में उत्कृष्ट शिक्षण हेतु 02 स्मार्ट क्लास की सुविधा उपलब्ध है।

### कम्प्यूटर लैब :

छात्राओं के तकनीकी ज्ञान के लिए सुव्यवस्थित कम्प्यूटर लैब की सुविधा है।

### सेमिनार हॉल :

महाविद्यालय में आयोजित संगोष्ठी/प्रतियोगिताओं/व्याख्यान आदि के लिए नवीन तकनीक से युक्त सेमिनार हॉल है।

### ओपन जिम :

महाविद्यालय में छात्राओं के शारीरिक स्वास्थ्य सुविधा हेतु ओपन जिम की भी व्यवस्था है।

### विद्यार्थी सेमिनार :

प्रत्येक विषय में वर्ष में विभिन्न विषयों पर विद्यार्थी सेमिनाार आयोजित किए जाते हैं।

### विभागीय परिषद :

महाविद्यालय में पढ़ाए जाने वाले विभिन्न विषयों के अन्तर्गत परिषदों का गठन किया जाता है। संबंधित परिषदें समय-समय पर छात्राओं के बौद्धिक एवं शैक्षणिक विकास हेतु प्रतियोगिताएँ, यथा- निबंध, रंगोली, वाद-विवाद, वस्तुनिष्ठ परीक्षण, क्विज़, चार्ट, पोस्टर आदि का आयोजन करती हैं। प्रतियोगिताओं में सफल प्रतियोगियों को पुरस्कृत किए जाने की व्यवस्था है।

### महाविद्यालय पत्रिका :

महाविद्यालय द्वारा सत्र 1998–99 से 'इंदु' पत्रिका का प्रकाशन छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से किया जाता है।

### साइकिल स्टैण्ड :

महाविद्यालय द्वारा छात्राओं के वाहन रखने हेतु साइकिल स्टैण्ड की व्यवस्था है। छात्राओं से अपेक्षा की जाती है कि वे स्टैण्ड पर ही अपने वाहन में लॉक लगाकर रखें। महाविद्यालय प्रांगण में किसी प्रकार का वाहन चलाना एवं निर्धारित स्थल के अतिरिक्त किसी अन्य स्थान पर वाहन खड़ा करना पूर्णतया वर्जित है।

### अनुशासन समिति (प्रॉक्टोरियल बोर्ड) :

महाविद्यालय में अनुशासन व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्राचार्य के संरक्षकत्व में अनुशासन समिति (प्रॉक्टोरियल बोर्ड) गठित है, जो छात्राओं में अनुशासन एवं संस्था के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को विकसित करने में उनका भी प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से सहयोग लेती है। महाविद्यालय में अनुशासन व्यवस्था को भंग करने की दोषी छात्राओं को दण्डित करने का पूर्ण अधिकार अनुशासन समिति को प्राप्त है।

### अनुशासन संबंधी नियम :

1. छात्राओं को निर्धारित यूनिफार्म में ही महाविद्यालय आना होगा।
2. महाविद्यालय में परिचय-पत्र (I-Card) लाना आवश्यक है। वैध परिचय-पत्र दिखाने पर ही छात्रा को महाविद्यालय में प्रवेश करने की अनुमति होगी।
3. महाविद्यालय परिसर में गंदगी न फैलाएँ एवं रद्दी वस्तुओं के लिए डस्टबिन (कूड़ादान) का प्रयोग करें।
4. महाविद्यालय में पेड़, पौधों तथा क्यारियों को नुकसान न पहुँचाएँ एवं फूल तोड़ना भी मना है।
5. छात्राएँ परिसर के बाहर अनावश्यक न घूमें।
6. छात्राएँ अधिकतम 200 रुपये मात्र महाविद्यालय ला सकती हैं।
7. पर्यावरण की सुरक्षा करना छात्राओं का कर्तव्य है।
8. छात्राएँ अपने मोबाइल एवं कीमती सामान की सुरक्षा स्वयं करें।
9. उपर्युक्त नियमों का उल्लंघन करने पर छात्रा के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### छात्रवृत्तियाँ :

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़े वर्ग/सामान्य/विकलांग छात्राओं के लिए शिक्षा एवं समाज कल्याण विभाग, राज्य एवं केन्द्र सरकार की ओर से दूसरे स्रोतों से विभिन्न छात्रवृत्तियों की व्यवस्था है, जिसकी सूचना छात्राओं को समय-समय पर सूचना पट्ट के माध्यम से प्राप्त होगी। पिता/अभिभावक की आय के संबंध में तहसीलदार द्वारा निर्गत प्रमाण-पत्र देय होगा।

### अभ्यर्थी चरित्र प्रमाण-पत्र :

चरित्र प्रमाण-पत्र प्राप्त करने की अधिकारी केवल वही छात्रा है, जिसने महाविद्यालय में न्यूनतम छः माह का अध्ययन कर लिया है। तत्संबंधी प्रमाण-पत्र किसी प्रतियोगी परीक्षा में सम्मिलित होने अथवा सेवायोजन के निमित्त आवेदन किए जाने के संबंध में प्रदान किया जाएगा।

## परिचय-पत्र :

प्रत्येक छात्रा को अपने पास महाविद्यालय का परिचय-पत्र रखना अनिवार्य है। छात्रा को परिचय-पत्र महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा, जिस पर छात्रा की फोटो लगने के बाद चीफ प्रॉक्टर एवं प्राचार्य के हस्ताक्षर होने पर निर्गत किया जाएगा। महाविद्यालय की प्रत्येक छात्रा से अपेक्षा की जाती है कि अपने परिचय-पत्र के साथ शुल्क रसीद भी अवश्य रखें एवं आवश्यकता पड़ने पर उन्हें यथासमय प्रस्तुत करें। यदि किसी छात्रा का परिचय-पत्र खो जाता है अथवा खराब हो जाता है, तब उस दशा में दूसरा परिचय-पत्र चीफ प्रॉक्टर की अनुमति एवं निर्धारित शुल्क जमा करने पर ही निर्गत होगा।

## उपस्थिति :

विश्वविद्यालय परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए प्रत्येक कक्षा में न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है।

## शिकायत निवारण प्रकोष्ठ :

महाविद्यालय स्तर पर छात्राओं की कठिनाइयों/शिकायतों के निराकरण हेतु **"शिकायत निवारण प्रकोष्ठ"** गठित है। छात्राएँ अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु इस प्रकोष्ठ से संपर्क कर सकती हैं।

## कैरियर काउन्सिलिंग :

छात्राएँ अपने कैरियर निर्माण के प्रति सजग हों, इस उद्देश्य से महाविद्यालय में **"कैरियर काउन्सिलिंग सेल"** का गठन किया गया है। समय-समय पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों तथा विशेष आमंत्रित वाह्य विशेषज्ञों द्वारा छात्राओं को उनके कैरियर निर्माण के संबंध में जानकारी प्रदान की जाती है।

## समान अवसर केन्द्र :

महाविद्यालय में छात्राओं हेतु समान अवसर केन्द्र की स्थापना की गई है।

## रैगिंग निषेध :

रैगिंग एक सामाजिक बुराई है। महाविद्यालय में रैगिंग पूर्णतया प्रतिबंधित है। यदि किसी प्रवेशार्थी के पूर्व में रैगिंग में लिप्त होने का तथ्य प्रकाश में आया तो उसे प्रवेश से वंचित किया जा सकता है अथवा प्रवेश के बाद किसी भी समय महाविद्यालय से निष्कासित किया जा सकता है। रैगिंग गतिविधियों से विरत रहने का शपथ-पत्र प्रवेश से पूर्व छात्रा एवं उसके अभिभावक के संयुक्त हस्ताक्षर से महाविद्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

## विविध :

1. **महाविद्यालय में कक्षाएँ प्रातः 10.00 बजे से प्रारम्भ होंगी।**
2. **महाविद्यालय द्वारा निर्धारित गणवेश (ड्रेस कोड/यूनीफार्म) समस्त कक्षाओं पर अनिवार्य रूप से लागू होगा। छात्राओं का गणवेश में आना अनिवार्य होगा अन्यथा अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।**
3. किसी प्रकार की जानकारी अथवा कार्य हेतु **अभिभावक निर्धारित समय (अपरान्ह 2 से 3 बजे) पर ही महाविद्यालय परिसर में प्रवेश कर सकेंगे।**

# महाविद्यालय परिवार

## डॉ० प्रीती तिवारी

**प्राचार्य**

### कला संकाय

1. **श्री पुष्पेन्द्र सिंह**
   असि. प्रोफेसर, शारीरिक शिक्षा
2. **डॉ० ज्योति**
   असि. प्रोफेसर, गृहविज्ञान
3. **श्रीमती शालिनी कनौजिया**
   असि. प्रोफेसर, गृहविज्ञान
4. **श्रीमती शिखा मौर्या**
   असि. प्रोफेसर, राजनीतिशास्त्र
5. **डॉ० रामदर्शन**
   असि. प्रोफेसर, हिन्दी
6. **डॉ० ऋचा सिंह**
   असि. प्रोफेसर, मनोविज्ञान
7. **श्रीमती प्रियंका**
   असि. प्रोफेसर, अंग्रेजी
8. **डॉ० सारिका सिंह**
   असि. प्रोफेसर, समाजशास्त्र
9. **डॉ० स्नेहा सिंह**
   असि. प्रोफेसर, समाजशास्त्र

### वाणिज्य संकाय

1. **डॉ० सलोनी भसीन**
   असि. प्रोफेसर, वाणिज्य
2. **डॉ० स्वर्णिमा जायसवाल**
   असि. प्रोफेसर, वाणिज्य

### पुस्तकालय

1. **श्रीमती गौसिया नायाब**
   असि. प्रोफेसर, पुस्तकालय विज्ञान

### कार्यालय

1. **श्री शशांक सिंह (सम्बद्ध)**
   कार्यालय प्रभारी
2. **श्रीमती गायत्री मिश्रा**
   वरिष्ठ सहायक
3. **श्री राम करन** परिचारक
4. परिचारक - प्रतीक्षारत

### प्रयोगशाला सहायक

1. **श्रीमती सविता सिंह**
   प्रयोगशाला सहायक, गृहविज्ञान
2. प्रयोगशाला सहायक - मनोविज्ञान - प्रतीक्षारत

## प्रवेशार्थी ध्यान दें

**विविध :**

- लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध सूचनाओं से समय-समय पर अवगत होना छात्रा का व्यक्तिगत उत्तरदायित्व होगा।
- महाविद्यालय की वेबसाइट : igggdcraebareli.ac.in
  e-mail : igrmmraibareli@yahoo.com
- लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट : https://www.lkouniv.ac.in
- आवेदन पत्र का मूल्य : रु. 120.00

# कुल गीत

नवल उत्थान का मन्दिर, ललित विज्ञान का मन्दिर।
विनय विद्या का निष्ठा का, चरित्र निर्माण का मन्दिर।।
हमारा महाविद्यालय, अवध की शान का मन्दिर।।2।।

इन्दिरा जी का पावन तप, ये उनकी कीर्ति का आलय,
सहज दृढ़ता का परिचायक, ये नारी शक्ति का गायक।
भगवती वीणापाणि के, चतुर्दिक ज्ञान का मन्दिर,
हमारा महाविद्यालय, अवध की शान का मन्दिर .....

प्रगतिपुरम् में सुशोभित है, ये अनुपम विद्या का आलय,
कला वाणिज्य का वाहक, ये संस्कृति का है उन्नायक।
मान ये रायबरेली का, सतत सम्मान का मन्दिर,
हमारा महाविद्यालय, अवध की शान का मन्दिर ......

ये जायसी की तपोभूमि, यहीं जन्मा था पद्मावत,
ये सूफी ज्ञान, शिक्षा का, प्रेम का था अद्भुत गायक।
ये शबरी और अहिल्या के, चरम उत्थान का मन्दिर,
हमारा महाविद्यालय, अवध की शान का मन्दिर .....

है डलमऊ की यही धरती, द्विवेदी जी को जो भायी,
इसी गढ़ में निराला के, छन्दों ने ली अंगड़ाई।
ये मुंशीगंज के वीरों के, सहज बलिदान का मन्दिर,
हमारा महाविद्यालय, अवध की शान का मन्दिर .....

सुदूर गाँवों के अंचल से, यहाँ आती हैं बालाएँ,
दया करुणा की प्रज्ञा की, यहाँ चलती हैं कक्षाएँ।
अतीत के गौरव का गायक, ये अनुसंधान का मन्दिर,
हमारा महाविद्यालय, अवध की शान का मन्दिर .....

***








Richa Arts Offset Printers, Rbl. # 9415117042